PRANS

गृह मंत्रालय
MINISTRY OF
HOME AFFAIRS

Indian
Cyber
Crime
Coordination
Centre

प्राण

# चाचा चौधरी

## साइबर धमाका



**अपने बैंकिंग विवरण की सुरक्षा करें**

**अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखें**

**अपने क्रेडिट कार्ड विवरण की सुरक्षा करें**

**फर्जी ग्राहक सेवा नंबरों के झांसे में न आएं**

**अपने बैंक खाते का दुरुपयोग कभी न होने दें**

**फर्जी पुलिस और डिजिटल अरेस्ट से न डरें**


**धन दुगुना करने की योजनाओं के झांसे में न आएं**

**फर्जी बैंकिंग ऐप्स से सावधान रहें**







मैं आपके बैंक से कॉल कर रहा हूं।
हमें आपके खाते का विवरण सत्यापित करना है।
अरे... एक और स्कैम!
क्लिक!


चाचा जी, मुझे अभी बैंक से फोन आया है। क्या मुझे उन्हें अपना बैंक विवरण देना चाहिए ?


कभी नहीं ! अपनी जानकारी किसी के साथ साझा न करें, भले ही वह बैंक से होने का दावा करें।


अपने बैंकिंग विवरण की सुरक्षा करें।
अपनी बैंकिंग पासबुक, चेक बुक या कोई भी खाता-सम्बंधित दस्तावेज और ऑनलाइन बैंकिंग क्रेडेंशियल्स साझा न करें। यह सुरक्षित नहीं है।
पास बुक
चेक बुक
समझ गया, चाचा जी!
ओटीपी एटीएम पिन
ऑनलाइन बैंकिंग पासवर्ड


धमाका सिंह, एक निर्दोष राहगीर को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है।
मैं सरकार से हूं।
हमें आपका आधार, पैन और OTP चाहिए ताकि आपका सत्यापन पूरा हो सके। जल्दी करें!
उह ह!


अपना ओ टी पी, पिन, आधार नंबर या पैन नंबर कभी किसी के साथ साझा न करें ! ये आपकी निजी जानकारी है, साबू !
अपनी व्यक्तिगत जानकारी सुरक्षित रखें।
भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
Name XXXX
DOB: XX-XX-XXXX
Gender: MALE
0000 1111 2222
आधार - आम आदमी का अधिकार
यह तो खतरनाक है, चाचा जी ! मैं इन्हें कभी साझा नहीं करूंगा !



© PRAN'S FEATURES LLP
www.prans4u.com


फर्जी ग्राहक सेवा नंबरों के झांसे में न आएं।
मैंने गूगल पर एक फर्जी बैंक हेल्पलाइन नंबर डाला है। बैंक ग्राहक सेवा की तलाश करने वाले लोग मुझे कॉल करें।
ग्राहक सेवा संख्या
XXXXX XXX 7777


बैंक के ग्राहक सेवा नंबर के लिए गूगल सर्च पर भरोसा न करें। हमेशा आधिकारिक वेबसाइटों से ही संपर्क विवरण प्राप्त करें।


केवल आधिकारिक वेबसाइट, चाचा जी! मैं स्त्रोत की जांच अवश्य करूंगा।



मुझे अपने बैंक खाते का विवरण दीजिए और मैं आपको इसके उपयोग के लिए कमीशन दूंगा। आसानी से पैसे कमाइए!
मुझे नहीं पता...
अपने बैंक खाते का दुरुपयोग कभी न होने दें।
अपना बैंक खाता कभी किराए पर न दें, या कमीशन के लिए साझा न करें, साबू! यह गैरकानूनी है तुम्हें मुसीबत में डाल सकता है। यह संगठित अपराध के लिए BNSS 2023 की धारा 111 के तहत दंडनीय है।
यह एक गंभीर अपराध है?
हां!


फर्जी पुलिस और डिजिटल अरेस्ट से डरें नहीं।
आप ड्रग पैकेज मामले में शामिल हैं ! इस खाते में पैसे ट्रांसफर करें, नहीं तो आपको तुरंत गिरफ्तार कर लिया जाएगा !
कभी भी किसी अज्ञात खाते में पैसा न ट्रांसफर करें, भले ही कोई व्यक्ति पुलिस अधिकारी या सरकारी अधिकारी होने का दावा क्यों न करे। यह आपके पैसे चुराने की एक चाल है !
ओह ! डिजिटल अरेस्ट ?


धन दुगुना करने की योजनाओं के झांसे में न आएं।
मेरी सलाह पर निवेश करें! भारी रिटर्न की गारंटी! अभी जुड़ें!
फेसबुक, इंस्टाग्राम विज्ञापनों या व्हाट्सएप या टेलीग्राम समूहों पर मिलने वाली योजनाओं में निवेश न करें। शुरू में वे आपको कुछ रिटर्न देते हैं। लेकिन जब आप ज्यादा निवेश करेंगे तो वे इसे ब्लॉक कर देंगे।
केवल स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचीबद्ध ऐप्स के माध्यम से निवेश करें।



फर्जी बैंकिंग ऐप्स से सावधान रहें।
बैंकिंग ऐप्स आधिकारिक वेबसाइट या प्ले स्टोर से ही डाउनलोड करो। हमेशा याद रखो, फर्जी ऐप्स आपके सभी एस एम एस और ओ टी पी ले लेंगे।
धन्यवाद, चाचा जी! अब मैं ज्यादा स्मार्ट और सुरक्षित हो गया हूं!




CHACHA CHAUDHARY & SABU CHARACTERS ARE COPYRIGHT REGISTERED BY PRANS FEATURES LLP.


CYBER
C D
DOST
अगर आप चाचाजी की तरह स्मार्ट बनना चाहते हैं तो आज ही **साइबर दोस्त** सोशल मीडिया हैंडल को फॉलो करें।
चाचा चौधरी का दिमाग कंप्यूटर से तेज चलता है।
पढ़ने के लिए
स्कैन करें ई-बुक